## एक नजर में

### भाजपा दीनदयाल मंडल और डॉ. अंबेडकर मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी के रतलाम विधानसभा के दो मंडलों में कार्यकारिणी का गठन किया गया है। दीनदयाल मंडल के अध्यक्ष नंदकिशोर पंवार एवं अंबेडकर मंडल अध्यक्ष सोना शर्मा ने जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय की सहमति से 22-22 सदस्यों वाली कार्यकारिणी घोषित की है इसमें 6 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 6 मंत्री व अन्य पदाधिकारी बनाएं गए हैं। दीनदयाल मंडल में सुशील सिलावट, कमलेश टांक, सुरेन्द्र भाटी, शाहिद अंसारी, सुनील रोतेला, राजेश बैरागी को उपाध्यक्ष, शुभम चौहान एवं आकेश खड़के मंडल महामंत्री, शुभम डागर, राहुल सोनी, ताहेर अली नजमी, राधा चौहान, अमृता सोलंकी एवं शीतल चौहान को मंत्री बनाया गया है। अशोक छाजेड़ कोषाध्यक्ष, रानी सोनी कार्यालय मंत्री, संस्कार शर्मा मीडिया प्रभारी, गणेश पाटीदार सोश्यल मीडिया प्रभारी, आशा शर्मा आईटी सेल प्रभारी, दीपक परिहार मन की बात प्रभारी एवं कांतिलाल प्रजापत हितग्राही प्रभारी बनाए गए हैं। इसी प्रकार अंबेडकर मंडल में शुभेन्द्र गुर्जर एवं संदीप मोर्य मंडल महामंत्री, भरत तंवर, रवि व्यास, कीर्ति गेहलोत, लोकेश जायसवाल, धरमसिंह गेहलोत, पूजा शर्मा को उपाध्यक्ष, रोहित बिड़वाल, किरण महावर, नंदकिशोर गोठवाल, मयंक भाटी, मोहित तोमर एवं कल्पना कछावा को मंडल मंत्री बनाया गया है। प्रियेश छाजेड़ कोषाध्यक्ष, श्रीराम यादव कार्यालय मंत्री, प्रतिभा सिंह चौहान मीडिया प्रभारी, प्रशांत शर्मा सोश्यल मीडिया प्रभारी, ईश्वर व्यास आईटी सेल प्रभारी, ओमप्रकाश यादव मन की बात प्रभारी एवं दिनेश जोशी हितग्राही प्रभारी बनाए गए हैं।

### युवा संगम मेले में 104 प्रतिभागियों का प्राथमिक रूप से चयन

**रतलाम।** तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्रालय, भोपाल , सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भोपाल एवं रोजगार संचालनालय, भोपाल द्वारा जारी आदेशानुसार शुक्रवार को जिला प्रशासन, कौशल विकास और रोजगार विभाग एवं जिला रोजगार कार्यालय, मध्य प्रदेश डे ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, सज्जन मिल के सामने, सैलाना रोड, रतलाम में युवा संगम अंतर्गत संयुक्त रूप से रोजगार मेला, स्वरोजगार मेला, प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला एवं मुख्यमंत्री सीखों कमाओं योजनांतर्गत मेलें का अयोजन किया गया। जिसमे भाग लेने वाली कुल 2 कंपनियों द्वारा निर्धारित मापदंड एवं इंटरव्यू के उपरांत कुल 104 प्रतिभागियों का प्राथमिक रूप से चयन किया गया। जिसमे से रोजगार हेतु 102 एवं अप्रेंटिसशिप हेतु 2 प्रतिभागियों का चयन किया गया। चयन करने वाली कंपनियों में से रतलाम स्थित प्रतिष्ठान अंकलेसरिया ऑटोमोबाईल्स द्वारा-3, रतलाम से बाहर स्थित प्रतिष्ठान माँ चामुण्डा इंटरप्राईजेस, बदनावर धार द्वारा-101 प्रतिभागियों का प्राथमिक रूप से चयन किया गया। उपरोक्त कैंपस में सम्मिलित होने के लिए कुल-211 प्रतिभागियों ने अपना पंजीयन किया। संस्था के प्राचार्य यू. पी. अरिवार द्वारा चयनित प्रतिभागियों को ऑफर लेटर प्रदान किये तथा उपस्थित युवक युवतियों को आत्मनिर्भर होने के लिए उनका मनोबल बढ़ाया तथा संस्था के प्रशिक्षण अधीक्षक श्री एच के बाथम द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को अधिक मेहनत कर उच्च पद की ओर अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित किया। आभार संस्था के टीपीओ प्रफुल्ल सोनारकर तथा जिला रोजगार कार्यालय के अनुप खटवानी द्वारा व्यक्त किया गया।

### स्थापना दिवस पर रविवार को रक्तदान शिविर

**रतलाम।** वैश्य फेडरेशन स्थापना दिवस रविवार 6 जुलाई 2025 को अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन रतलाम द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है । कार्यक्रम की जानकारी देते हुए फेडरेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोहर पोरवाल, रतलाम जिला इकाई अध्यक्ष वरुण पोरवाल ने बताया की विश्वभर में निवास कर रहे लगभग 30 करोड़ वैश्य बंधुओं के एक मात्र संगठन अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन द्वारा स्थापना दिवस 6 जुलाई को संगठन के वरिष्ठ कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप धारिया के मार्गदर्शन मे रक्तदान शिविर का आयोजन रतलाम में मानव सेवा समिति पर समय प्रात: 10 बजे से 1 बजे तक किया जायेगा । रतलाम की सभी जागरूक जनता से निवेदन है की उक्त रक्तदान शिविर को सफल बनाए । जिलाध्यक्ष वरुण पोरवाल ने बताया की संगठन की सक्रिय इकाइयां देश भर के लगभग 26 राज्यों के साथ 700 जिला इकाइयां एवं अनेकों तहसील इकाइयां एवं विश्व के लगभग 15 देशों में मानव सेवा में सक्रिय कार्य कर रही है ,जिला अध्यक्ष पोरवाल ने यह भी बताया कि अंतराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन रतलाम कार्यकारिणी का जल्दी गठन कर वैश्य हित में शहर वेश्यजनों के लिए कार्य किया जाएगा द्य विगत दिनों आयोजित अंतरराष्ट्रीय बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की मानव सेवा की इसी कड़ी में देशव्यापी रक्तदान शिविर आयोजित किए हैं।

### परिजनों की सहमति से सरोज बाला पालरेचा के नेत्रदान

**रतलाम।** बाजना निवासी शुश्रावक भवरलाल पालरेचा, की पुत्रवधू मगनलाल पालरेचा की धर्मसाहियका चांदमल मुथा की सुपुत्री श्रीमती सरोज बाला पालरेचा का शुक्रवार को दुखद निधन हो गया। संस्था के हेमन्त मूणत ने बताया कि राकेश, लोकेश, देवेन्द्र, अंशुल पालरेचा,संजय पालरेचा पवन कटारिया,नितिन पोरवाल ने सरोज बाला पालरेचा के परिजनों पुखराजमल,केशरीमल, हस्तीमल, मुन्नालाल पालरेचा,बेटी हर्षिता, वैशाली, पायल, दामाद यश जैन,हर्ष जैन, एवं परिजनों को नेत्रदान हेतु प्रेरित किया परिजनों की सहमति के पश्चात संस्था द्वारा रतलाम मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. अनीता मुथा को सूचना दी गई।डॉ. मुथा के निर्देशानुसार, नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ. रिशेन्द्र सिसोदिया के नेतृत्व में नर्सिंग ऑफिसर विनोद कुशवाह ,भावना खन्ना द्वारा जीवन देवडा के सहयोग से नेत्र संग्रहण की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न की गई। नेत्रदान टीम को मेडिकल कॉलेज से चत्तर के निवास तक पहुंचाने और पुन: वापस लाने की व्यवस्था नेत्रम संस्था के नवनीत मेहता ने अपने निजी वाहन द्वारा शुशील माथुर के सहयोग से की। इस पुनीत कार्य के अवसर पालरेचा परिवार के स्नेहीजनों, शुभचिंतक सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कानून व्यवस्था और चुनौती से निपटने पुलिस ने मॉक ड्रिल और बलवा परेड



**पुलिस परेड ग्राउंड रतलाम में आयोजित हुई साप्ताहिक जनरल परेड**

**रतलाम।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस ग्राउंड में जनरल परेड का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसके साथ ही कानून- व्यवस्था के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की चुनौतियों से निपटने, आपातकालीन परिस्थितियों में स्थिति पर नियंत्रण रखने और समाज में भयमुक्त व सुदृढ़ वातावरण बनाने के लिए मॉक ड्रिल और बलवा परेड का भी अभ्यास किया गया।

परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक मोहन भार्रावत के नेतृत्व में परेड द्वारा पुलिस अधीक्षक को सलामी दी गई। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। जनरल परेड के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों के टर्नआउट (वेशभूषा व अनुशासन) की समीक्षा की गई। उत्कृष्ट वेशभूषा एवं अनुशासन प्रदर्शित करने वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात जवानों में अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए प्लाटून कमांडरों द्वारा अपने-अपने प्लाटून को एकल रूप से परेड अभ्यास कराया गया । परेड के समापन पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल को कमांड कराई और अनुशासन का महत्व बताया। परेड के दौरान पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा विभिन्न प्रकार के भीड़ नियंत्रण उपकरणों जैसे आंसू गैस ग्रिनेट, इलेक्ट्रिक सेल ग्रिनेट आदि शस्त्रों को टीयर गैस गन चला कर अभ्यास किया गया।जनरल परेड में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा, सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया, एसडीओपी किशोर पटनवाला, एसडीओपी जावरा संदीप मालवीय, एसडीओपी सैलाना नीलम बघेल रक्षित निरीक्षक मोहन भार्रावत, निरीक्षक तूर सिंह डाबर, निरीक्षक सुरेंद्र गडरिया, निरीक्षक शंकर सिंह चौहान, सूबेदार मोनिका ठाकुर, सहित अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण शामिल हुए ।




### पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

मोहर्रम पर्व से पहले रतलाम पुलिस अलर्ट मोड पर है। शुक्रवार शाम पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। एएसपी राकेश खाखा के साथ सभी अधिकारी और पुलिस बल शहर समेत संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल चला। फ्लैग मार्च कालिका माता मंदिर से शुरू हुआ। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से निकाला गया।

## लेपटॉप के माध्यम विद्यार्थी नवीन तकनीकों से परिचित हो सकेगे : मंत्री काश्यप




**जिले के 1 हजार 207 विद्यार्थियों को लेपटॉप की प्रोत्साहन राशि अंतरित**

**रतलाम।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शुक्रवार को राज्य स्तरीय लेपटॉप वितरण कार्यक्रम के माध्यम से मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रदेश के विद्यार्थियों को लेपटॉप क्रय करने के लिए राशि अंतरित की गई। जिले के 1 हजार 207 विद्यार्थियों जिनमें 785 छात्राऐं एवं 422 छात्र हैं। जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप ने विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावको को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक युग में विद्यार्थियों की प्रगति के लिए लेपटॉप बहुत आवश्यक हो गया है, लेपटॉप के माध्यम से छात्र-छात्राऐं नवीन तकनीकों से परिचित हो सकेंगे, यह उनके केरियर की उन्नति में सहायक होगा। मंत्री काश्यप द्वारा 10 टॉपर विद्यार्थियों को प्रतीक स्वरूप लेपटॉप राशि के चैक प्रदान किए गए। शासकीय उत्कृष्ट उमावि में जिला स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता जिपं अध्यक्ष लालाबाई शंभूलाल चंद्रवंशी ने की। विशेष अतिथि जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय थे। कलेक्टर राजेश बाथम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अध्यक्ष श्रंगार श्रीवास्तव की गरिमामय उपस्थिति रही। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विद्यार्थियों को दिखाया गया।

## कांग्रेस की मांग : पटवारी पर एफआईआर रद्द कर अफसरों पर हो कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** कांग्रेसजनों ने गुरुवार को पूर्व विधायक हर्षविजय गेहलोत के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सैलाना एसडीएम मनीष जैन और तहसीलदार कैलाश कन्नौज को दिया गया। इसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ दर्ज झूठी एफआईआर को रद्द करने और आदिवासियों के घरों पर बुलडोजर चलाने वाले अफसरों पर कार्रवाई की मांग की गई।

ज्ञापन देने से पहले कांग्रेस कार्यकर्ता पुरानी नगर पालिका भवन पर एकत्र हुए। वहां से नारे लगाते हुए वाहन रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि 27 जून 2025 को



थाना मुंगावली, जिला अशोकनगर में श्री पटवारी के खिलाफ झूठी एफआई दर्ज की गई। कांग्रेसजनों ने इसे षड्यंत्र बताया।ज्ञापन में यह भी कहा गया कि ग्राम खिवनी में वन विभाग ने बिना सूचना आदिवासियों के घरों पर बुलडोजर चला दिया। घरों में रखा आटा, दाल, चावल तक नहीं निकालने दिया गया। इससे आदिवासी परिवारों के सामने खाने और रहने का संकट खड़ा हो गया। अब तक जिम्मेदार अफसरों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पूर्व विधायक गेहलोत ने कहा कि सरकार विपक्ष की आवाज दबाने के लिए दमनकारी नीति अपना रही है। कांग्रेस हमेशा न्याय और समानता के लिए लड़ती रहेगी।

### यह थे मौजूद

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश पाटीदार,नगर परिषद अध्यक्ष चेतन्य शुक्ला लक्की पूर्व मंडी अध्यक्ष शेखर गहलोत, वरिष्ठ नेता राधेश्याम पाटीदार,महेंद्र शुक्ला राजेश पाटीदार, हनी गहलोत, शंकर डिंडोर, कारूलाल निनामा, वागजी, केसर सिंह, प्रथाजी, मेघजी भाई, सूरज डिंडोर, मंगीलाल, जगदीश धभाई, हेमंत कुमावत, रंजिभाई कांतिलाल काग, जगदीश पाटीदार, करिया, दिलीप कुमावत, बद्रीलाल काग, अशोक कराणा, रामजी चंदेल, समरथ टाक, निर्भय सिंह लबाना, किशोर पाटीदार, ईश्वर पाटीदार, प्रेम पाटीदार कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विवाद में मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी

**रतलाम।** जिले के ग्राम हल्दुपाड़ा में विवाद के बाद मारपीट हुई। मारपीट करने के साथ ही आरोपियों ने विवाद कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत दर्ज की हैं। मिली जानकारी के अनुसार बिलपांक थाना क्षेत्र के ग्राम हल्दुपाड़ा निवासी दयाराम पिता अंबाराम भाभर का राजाराम पिता गोपाल का विवाद हो गया। विवाद में राजाराम ने पारसर पिता गोपाल, शोभाराम पिता बाबू, पवन पिता भंवर भाभर निवासी ग्राम भगोरापाड़ा के साथ मिलकर दयाराम के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।



## छात्रावासों में गंदगी और अव्यवस्था पर नाराज हुए विधायक, बैठक में सुधार के निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** विकासखण्ड के छात्रावासों के अधीक्षकों की बैठक विधायक कमलेश्वर डोडियार ने ली। इस दौरान उन्होंने गंदगी और अव्यवस्था पर नाराजती जताते हुए सुधार के निर्देश दिए।

**छात्रावासी विद्यार्थियों के खराब परिणामों की समीक्षा**

शुक्रवार को सैलाना और बाजना विकासखंड में स्थित छात्रावासों में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के पिछले सत्र के कमजोर परिणाम की समीक्षा और हाल ही में शुरू हुए सत्र में छात्रावासों की अव्यवस्था पर सुधार के लिए विधायक कमलेश्वर डोडियार की अध्यक्षता में सैलाना स्थित संदीपनी सीएम राइज स्कूल में अधीक्षक अधीक्षिकाओं की बैठक आयोजित हुई।

छात्रावासों में गंदगी और अव्यवस्था पर विधायक ने नाराजगी जाहिर करते हुए क्षेत्र संयोजक भास्कर खीची की उपस्थिति में अधीक्षकों की बैठक में विधायक कमलेश्वर डोडियार ने छात्र-छात्राओं को मीनू अनुसार गुणवत्ता पूर्ण भोजन देने, अधीक्षक अधीक्षिकाओं को हॉस्टल के समीप मुख्यालय पर निवास करने के निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि खेल सामग्री वितरण करने, कंप्यूटर क्लास शुरू करने, बीमारी के दौरान बच्चों को बेहतर इलाज इलाज करवाने, नियमित स्वास्थ्य जांचे करने, नियमित रूप से हॉस्टल में पढ़ाई का वातावरण बनाने आदि के सख्त निर्देश दिए।

## मां कालिका लोक घोषणा पर धार्मिक संस्थाओं ने मंत्री का जताया आभार

**रतलाम।** शहर के अति प्राचीन कालिका माता मंदिर परिसर को मां कालिका लोक बनाए जाने की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा से शहर में हर्ष व्याप्त है। विभिन्न धार्मिक संस्थाओं द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप का स्वागत कर इस घोषणा पर आभार जताया।

मां कालिका लोक को लेकर मंत्री श्री काश्यप लंबे समय से प्रयासरत थे। राइस कॉन्क्लेव रतलाम में मुख्यमंत्री जी ने इसके निर्माण की घोषणा की है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय सहित विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्रीजी जब रतलाम आए तो उन्हें बताया कि कालिका माता लोक का प्रारूप बना हुआ है।




कालिका माता लोक के विकास एवं मंदिर के नव निर्माण कार्य की योजना बनी थी। लगभग 12 करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी। इससे मंदिर की भव्यता नजर आएगी। उन्होंने घोषणा की कि कालिका माता लोक का निर्माण करने के साथ पुरातत्व के हिसाब से मंदिर का भी निर्माण करेंगे। परिसर के अतिरिक्त मंदिर निर्माण के लिए अलग से राशि की मांग की गई है। मुख्यमंत्री जी बहुत बड़ी दृष्टि के साथ कार्य कर रहे हैं।

सिंहस्थ की तैयारी को लेकर बहुत गति से कार्य चल रहा है। मुझे लगता है कि उज्जैन, हरिद्वार से भी ज्यादा बड़ा देश का केंद्र बनेगा। जब एक जगह का विकास होता है तो हमारा साथ में जुड़ाव रहता है।

इस अवसर पर श्री कालिका माता सेवा मंडल ट्रस्ट, श्री बद्रीनारायण सेवा ट्रस्ट, श्री हनुमान बाग ट्रस्ट, श्री गोपालजी का बड़ा मंदिर, श्री मेहंदीकुई बालाजी जनकल्याण न्यास, श्री प्रभु प्रेमी संघ, श्री चिंतामन गणेश मंदिर, श्री समन्वय परिवार, श्री महारूद्र यज्ञ समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। इनमें मुख्य रूप से कन्हैयालाल मौर्य मामाजी, रामचंद्र शर्मा पंडित, मनोहर पोरवाल, शैलेंद्र डागा, गोविंद काकानी, माधव काकानी, लालचंद्र टांक, मोहनलाल भट्ट, राजाराम मोतियानी, रमेश चोयथानी, बृजेश सक्सेना, हरीश बिंदल, चिराग देवड़ा, अभिषेक चौहान, मनोहर पुजारी, महेश व्यास, सत्यनारायण पालीवाल, हरीश सुरोलिया, रमेश शर्मा, प्रमोद राघव, प्रमोद भट्ट, मुकेश सोनी, संजीव पाठक, जनक नागल, रत्ना पाल, गोविंद चौहान, राजेंद्र शर्मा आदि शामिल रहे।

## एक नजर

**- चातुर्मास 2025 हेतु साध्वी श्री का हुआ मंगल प्रवेश, - अतिथियों का हुआ बहुमान, मध्यप्रदेश के कई शहरों से पहुंचे गुरुभक्त**

## आत्मा से परमात्मा की ओर जाने का मार्ग हैं वर्षावास : डॉ अमृतरसा श्रीजी

**जावरा।** शून्य से शिखर की यात्रा हैं वर्षावास, विनाश से विकास की यात्रा हैं वर्षावास, वासना से उपासना की यात्रा हैं वर्षावास, शरीर को सुखाना एवं कर्म खपाने वाला तप हैं वर्षावास, आत्मा से परमात्मा की ओर ले जाने वाला हैं वर्षावास, अहम से अरहम की और ले जाने वाला हैं वर्षावास, हिंसा से अहिंसा की और ले जाने वाला हैं वर्षावास, योगी सा जीवन जीने के लिए हैं वर्षावास, क्रोध से क्षमा की ओर जाने के लिए हैं वर्षावास, आत्म शुद्धि करने के लिए यह चातुर्मास हमें धर्म आराधना की ओर ले जाता हैं।

यह बात शोभायात्रा उपरांत मंदिर परिसर में आयोजित धर्मसभा में पूज्य साध्वी डॉ अमृतरसा श्रीजी म.सा. ने चातुर्मास की महत्ता बताते हुए संयम, स्वाध्याय और



आत्मसाधना पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहीं। सभा के प्रारंभ में सामूहिक गुरु वंदन हुआ ,साध्वी जी द्वारा मंगलाचरण दिया। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा भगवान महावीर और गुरुदेव राजेंद्र सूरीजी के चित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इस मौके पर मध्यप्रदेश के पूर्व ऊर्जा मंत्री पारस जैन, महिदपुर विधायक दिनेश बोस, नवयुवक परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश छाजेड़, श्रीसंघ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शांतिलाल दसेड़ा, नवयुवक परिषद राष्ट्रीय महामंत्री सुधीर लोढ़ा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद राजेन्द्र सुराणा, नवयुवक परिषद राष्ट्रीय पर्यावरण मंत्री अनिल दसेड़ा, नवयुवक परिषद राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी ब्रजेश बोहरा, राष्ट्रीय अध्यक्ष तरुण परिषद, आदित्य धोका, मुकेश नाकोड़ा,



सुधीर पावेचा, संजय कोठारी, अभय सेठिया मंचासीन थे।

इन्होने किया स्वागत - अतिथियों का स्वागत श्रीसंघ अध्यक्ष अजीत चत्तर, चातुर्मास समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र कोलन, महिला परिषद प्रदेश अध्यक्ष सारिका कोलन, पेढ़ी ट्रस्ट की ओर से महामंत्री प्रकाश कांठेड़, श्री राजेंद्र जैन नवयूवक परिषद अध्यक्ष सुमित दसेड़ा, श्रीसंघ महासचिव अशोक नौलखा, कोषाध्यक्ष प्रकाश जैन पटवारी, चातुर्मास नवयुवक परिषद महासचिव रुपेश सिसोदिया, वीरेंद्र सिसोदिया (केवी)ने किया। सभी अतिथियों को बेच नगिन सकलेचा एवं सुमित दसेडा ने लगाएं। स्वागत गीत जयंत ज्योति बहू परिषद की प्रियंका चौरड़िया, सपना सिसोदिया, श्वेता मेहता, प्रियांशी कोलन प्रस्तुत किया।

### इनका हुआ बहुमान

इस दौरान लाभार्थी परिवार महेंद्र कुमार अभिषेक कोलन परिवार, संजय हेमंत कुमार चोपड़ा परिवार, पंकज कुमार जैनम कुमार धारीवाल परिवार, धर्मेंद्र कुमार हर्ष, जय कोलन परिवार का बहुमान श्री संघ ने किया। इस मौके पर चातुर्मास प्रारंभ में कलश, अखंड दीपक एवं मसा को कामली उड़ाने की बोली तीन लाख पच्चीस हजार में चोपड़ा परिवार द्वारा ली गई। श्रीसंघ व परिषद परिवार के राष्ट्रीय व प्रान्तीय पदाधिकारी व सदस्यों व ट्रस्टीगणों के साथ इंदौर, उज्जैन, मंदसौर, खाचरोद, रतलाम, भाट पचलाना, नागदा सहित अनेक जिलों से श्रीसंघ के पदाधिकारी मंगल प्रवेश हुए सम्मिलित हुए। अतिथियों का बहुमान शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। संचालन अशोक चौपडा ने किया। आभार अमित चौरड़िया ने माना।

## सांदीपनि विद्यालय पर आयोजित हुआ लेपटॉप वितरण समारोह

**जावरा।** मध्यप्रदेश सरकार की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत कक्षा 12 वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को लेपटॉप वितरण हेतु समारोह का आयोजन शुक्रवार को प्रदेशभर में आयोजित हुआ। इसी कड़ी में जावरा के सांदीपनि विद्यालय में भी जावरा विकासखण्ड स्तरीय आयोजन हुआ। जिसमें मेधावी विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से लेपटॉप की राशि वितरित की गई। इस दौरान भोपाल के मींटो हॉल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी विद्यार्थियों को दिखाया गया।

सांदीपनि विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि के रुप में पूर्व जनपद अध्यक्ष रामविलास धाकड़, विशेष अतिथि नगर पालिका जावरा पार्षद शिवेंद्र माथुर, रजत सोनी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्राचार्य राजेन्द्र बोस ने की। शुभारंभ प्रात: 10 बजे सरस्वती पूजन के साथ हुई। अतिथियों का पुष्प माला से स्वागत शिक्षिका वर्षा तिवारी, वरिष्ठ शिक्षक राकेश डारिया, मुकेश गहलोत, गिरीश मुले, राधेश्याम गहलोत, विजय प्रजापत, पवन अटोलिया आदि ने किया। अतिथि परिचय संस्था प्राचार्य ने दिया। मुख्य अतिथि धाकड़ ने विद्यार्थियों को शासन की लेपटॉप योजना के बारे में बताते हुए विद्यार्थियों को भविष्य में सफलता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। पार्षद माथुर एवं सोनी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी।


### // सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रकाश मीणा पिता पूनाजी आयु व्यस्क, निवासी 135, आईडिया ऑफिस, डोरवाल मेडिकल के पास नागदा जिला उज्जैन मध्य प्रदेश 456335 पूर्व में प्रकाश मीणा पिता पूनमचन्द्र निवासी :135, आईडिया ऑफिस, डोरवाल मेडिकल के पास नागदा जिला उज्जैन मध्य प्रदेश के नाम से जाना जाता था। इस जाहिर सूचना के माध्यम से अवगत कराना चाहता हूं कि मुझे अब प्रकाश मीणा पिता पूनाजी के नाम से ही जाना जावें।

**प्रकाश मीणा पिता पूनाजी**